# कार्यालय
# प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा

दूरभाष : 05962.230065, फैक्सः 05962.232182ई—मेल almoraforestdivision@rediffmail.com

पत्रांक 6253/12-1(2) अल्मोड़ा दिनांक 27-6-2023

सेवा में,

प्रान्तीय खण्ड,
लो0नि0वि0, रानीखेत।

**विषय :—** **जनपद अल्मोड़ा में झिमार से तल्ला विरलगांव तक (6.250 किमी.) मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.6802 है0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।**
**(प्रस्ताव संख्या FP/UK/ROAD/36077/2018)।**

**सन्दर्भ :—** **भारत सरकार का पत्रांक 8बी0/यू0सी0पी0/06/140/2020/एफ0सी0/1827 दिनांक 26.11.2020।**

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्ताव के सापेक्ष चयनित क्षतिपूरक वृक्षारोपण क्षेत्र तल्ला विरल गांव का दिनांक 21.06.2023 को स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि सी0ए0 हेतु चयनित क्षेत्र वन पंचायत है साथ ही MDF भी है। आपके प्रतिनिधि द्वारा मौके पर बताया गया है कि उनके द्वारा ऑनलाईन पोर्टल पर त्रुटिवश गलत के0एम0एल0 फाईल अपलोड की गयी है जिसे उनके द्वारा पुनः संयुक्त निरीक्षण करते हुए सही के0एम0एल0 फाईल तैयार कर ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड कर दी जायेगी।

अतः उक्त क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि चूंकि विषयक प्रस्ताव वर्ष 2018 से विचाराधीन है, जिसमें वर्तमान तक स्वीकृति प्राप्त नहीं हो पायी है एवं मोटर मार्ग मा0मु0घो0 के अन्तर्गत सम्मिलित है, अतैव प्रस्ताव को गम्भीरता से लेते हुए अविलम्ब अग्रेत्तर कार्यवाही कर प्रत्युत्तर मय अभिलेख 1 सप्ताह के भीतर इस कार्यालय को प्रेषित करें, जिसे ससमय प्रत्युत्तर उच्च स्तर को प्रेषित किया जा सके।

प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा।

पत्रांक 6253/12-1(2) उक्त दिनांकित।

**प्रतिलिपि—** अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि—** वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा।